

## एक नजर में

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

**संडावता 27 जुलाई, सं.** ग्राम में स्थित श्री उदासीन आश्रम, पंचमुखी हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जाएगा. आयोजन में श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को परिवार सहित शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. आयोजक मंडल के अनुसार महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं. कार्यक्रम के तहत 28 जुलाई मंगलवार को सुबह 9 बजे श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का शुभारंभ होगा, जबकि दोपहर 2 बजे श्री पंचमुखी बालाजी का श्रृंगार किया जाएगा. गुरु पूर्णिमा के मुख्य अवसर पर 29 जुलाई बुधवार को सुबह 10 बजे हवन पूजन, सुबह 11 बजे चरण पादुका पूजन तथा दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा.

### नगर भ्रमण को निकलेंगे बटकेश्वर महादेव

**सारंगपुर 27 जुलाई, सं.** नगर की प्रसिद्ध धार्मिक एवं सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में सावन सवारी की तैयारियों को लेकर एक अति आवश्यक बैठक अध्यक्ष ओम पुष्पद की अध्यक्षता में रविवार रात्रि को गांधी चौक स्थित वटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई. बैठक में सावन सवारी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के चौथे सोमवार 24 अगस्त को भव्य रूप से निकाली जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया. सवारी के चल समारोह में बैंड, बाबा की पालकी, ढोल, ताशा पार्टी, कडाबीन ,भूतों की बारात ,झांकी, कलश यात्रा, भजन मंडली, भंडारा, सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सोंपी गई. वही मंडल के वरिष्ठ परामर्श सदस्य भूपेंद्र जोशी ने सभी सदस्यों से अपने-अपने परिचय पत्र बनाने के लिए आवश्यक सामग्री मंडल के पास जमा करने की बात कही .महादेव मित्र मंडल का सदस्यता अभियान भी चल रहा है जिसमें जुड़े नए सदस्यों का मंडल द्वारा तिलक लगाकर तथा दुपट्टा पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया.


**भूमि बेचना है**
नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है . सरेड़ी पटवारी
सम्पर्क करें : 9424406947
बिल : 09 अगस्त


# खाद–बीज के नाम पर रिश्वत मांगी

## लोकायुक्त पुलिस ने सहकारी समिति के सेक्रेटरी को रंगे हाथों पकड़ा

**पहले किसान के खाते को होल्ड किया, इसके बाद केसीसी में खाद–बीज का पैसा निकालने के लिए 12 हजार 600 रुपए की रिश्वत मांगी, शिकायत के बाद ट्रैप हुए**

जीरापुर में लोकायुक्त ने रिश्वत लेते सचिव को रंगे हाथों धरा



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 27 जुलाई, सं.** एक ओर जहां किसान खाद और बीज को लेकर पहले से परेशान है वहीं मुनाफाखोर किसानों की इस आपदा में अवसर तलाश रहे है और भ्रष्टाचार की नई नई कहानियां गढ़ रहे है. जीरापुर से भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है. भोपाल लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सादलपुर खाद–बीज वितरण सहकारी समिति के सेक्रेटरी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया है. आरोपी सेक्रेटरी का नाम राधेश्याम दांगी बताया जा रहा है. लोकायुक्त टीम ने उसे 12 हजार 600 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है.

### परिवार के तीन सदस्यों को जोड़ने के लिए रिश्वत मांगी

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रूपाहेड़ा निवासी 52 वर्षीय श्याम सिंह ने भोपाल लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी . शिकायत में बताया था कि सोसाइटी में उनका खाता होल्ड कर दिया गया था . खाते से होल्ड हटाने और खाद–बीज के लिए केसीसी की राशि बढ़ाने के एवज में सचिव राधेश्याम दांगी ने उनके परिवार के तीन सदस्यों से प्रति सदस्य 4200 रुपये के हिसाब से कुल 12,600 रुपये की रिश्वत की मांग की थी . शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भोपाल से जीरापुर पहुंची लोकायुक्त की टीम ने जाल बिछाया और आज सेक्रेटरी को रिश्वत की राशि लेते ही दबोच लिया . फिलहाल लोकायुक्त टीम की कार्रवाई जीरापुर रेस्ट हाउस में जारी है . आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है .

### जो काम लोकसेवा गारंटी में शामिल, उसी में भ्रष्टाचार

लोगों को समय पर शासकीय सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने लोकसेवा गारंटी नियम बनाया है . समय सीमा में लोगों को शासकीय विभागों से अपने योजना संबंधी काम कराने की सुविधा दी जाती है . लेकिन इसी में भ्रष्टाचार किया जा रहा है . यदि सही मॉनिटरिंग लंबित प्रकरणों की हो तो शायद यह रूक जाए .



# वेयर हाउस से गेहूं के कट्‌टे चोरी

## गोदाम के पीछे जंगले तोड़कर 6 बोरियां चुरा ले गए बदमाश

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 जुलाई, सं. रविवार देर रात्रि को वेयरहाउस से गेहूं कट्टे चोरी होने की घटना प्रकाश में आई. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि को ब्यावरा रोड स्थित मंडलोई वेयरहाउस से 6 कट्टे गेहूं अज्ञात चोर पीछे से जंगले तोड़कर चुरा ले गए.**

उल्लेखनीय है कि वेयरहाउस में शासकीय गेहूं भरा हुआ था. चोरों ने लगभग 13 कट्टे गेहूं रात्रि में चुराकर ब्यावरा रोड पर ही रोड किनारे बनी पुलिया के नीचे इकट्ठे कर रख दिए थे. सोमवार सुबह लगभग 10 बजे एक पीकप वाहन में ले जाने वाले थे तभी ग्रामीणों के देख लेने पर 7 कट्टे वहीं छोड़कर भाग निकले. घटना की वेयरहाउस मालिक रामकैलाश पिता मांगीलाल मंडलोई ने सुठालिया थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वारदात का मुआयना किया वेयर हाउस के सीसीटीवी कैमरे बंद होने पर ब्यावरा रोड पर एक फर्नीचर मार्ट के कैमरे भी खंगाले गए हैं. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### रामपुरिया बालाजी मंदिर में दो माह में तीसरी चोरी

**छापीहेड़ा 27 जुलाई , सं.** नगर के प्रसिद्ध रामपुरिया बालाजी मंदिर में दो माह के भीतर तीसरी बार चोरी की घटना सामने आने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है. शनिवार रात करीब 1: 30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया. पूरी वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. मंदिर समिति ने थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती को घटना की जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराई. थाना प्रभारी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है. लगातार हो रही चोरियों से श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है.



# संत कालीचरण के आगमन पर निकाला चल समारोह

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 27 जुलाई, का. राष्ट्रीय संत कालीचरण महाराज के प्रथम ब्यावरा आगमन पर सोमवार शाम को नगर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखा गया. उनके स्वागत में एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. गुना बायपास स्थित कमला लॉज से संत कालीचरण महाराज की अगवानी की गई.**

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला–पुरुष, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रहे. स्वागत के उपरांत भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ. यह चल समारोह गुना बायपास से शुरू होकर एबी रोड, पीपल चौराहा, मुख्य बाजार और राजगढ़ रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ वल्लभा परिसर पहुंचा. पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संत का स्वागत किया. विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने मंच लगाकर माल्यार्पण किया. जगह–जगह शीतल पेय और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी. महिलाएं मंगल कलश लेकर स्वागत में शामिल हुईं, जबकि युवाओं ने चल समारोह की व्यवस्था संभाली. यह आयोजन काली सेवा न्यास, ब्यावरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के रूप में किया जा रहा है. महोत्सव के दूसरे दिन, 28 जुलाई को शाम 6.30 बजे माँ काली मंदिर, पीपल चौराहा में श्री काली पूजन एवं महाआरती होगी. वहीं, 29 जुलाई को सुबह 9 बजे से वल्लभा परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत विशेष काली हवन, गुरु दीक्षा और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा. आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर गुरु कृपा एवं माँ काली का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है.

# 8 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार किया

**बोड़ा 27 जुलाई, सं.** बोड़ा पुलिस ने महुआ रोड स्थित मंडी परिसर से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी कन्हैयालाल सिसोदिया 34 निवासी गुलखेड़ी के कब्जे से 8 ग्राम स्मैक जब्त की है. जिसकी अनुमानित कीमत 8 लाख रुपए बताई गई है. पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई. पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.

# अच्छी बारिश के लिए पंचतीर्थों की पदयात्रा



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 27 जुलाई, सं.** समीपवर्ती ग्राम लालाझिरी के युवक विश्व मंगल एवं घनघोर वर्षा की कामना को लेकर पंच महादेव के दर्शनार्थ पैदल यात्रा पर निकले. यात्रियों ने मंशापूर्ण महादेव मंदिर लालाझिरी में पूजा अर्चना कर पहाड़ी रास्ते से अपनी यात्रा प्रारंभ की सबसे पहले छीताखो, बालकेश्वर महादेव ,श्यामखो महादेव मंदिर ,घुरेल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचकर यात्रा का समापन किया. पशुपतिनाथ को दाल बाटी चूरमा का भोग लगाया गया. यात्रियों में राजेंद्र, धर्मेंद्र, दीपक, ऋतिक, दीपक, मोहित, प्रदीप, संदीप, आशु विकास, अंशुल भार्गव, राजेंद्र सौंधिया शामिल थे.

# किसानों की प्रविष्टियां खसरे में दर्ज हों

**राजगढ़ 27 जुलाई, का.** राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि खेती करने वाले किसानों की प्रविष्टियां नियमानुसार खसरे में दर्ज कराई जाएं, ताकि किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके. बैठक में कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता, उद्यानिकी विभाग की ड्रिप एवं स्प्रिंकलर योजनाओं तथा पशुपालन विभाग की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई. कलेक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

# विद्यार्थियों से समय पर प्रवेश एवं शुल्क जमा करने की अपील की

**राजगढ़ 27 जुलाई, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. खरे ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है. प्राचार्य डॉ. खरे ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का सीट आवंटन हो चुका है, वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्रवेश शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करें, ताकि उनका प्रवेश अंतिम रूप से पुष्ट हो सके. केवल सीट आवंटित होना पर्याप्त नहीं है; निर्धारित अवधि में शुल्क जमा नहीं करने पर प्रवेश निरस्त हो सकता है तथा सीट अन्य पात्र अभ्यर्थी को आवंटित की जा सकती है. उन्होंने सभी इच्छुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय पर प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएँ पूर्ण करें. किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय के प्रवेश सहायता केंद्र से संपर्क कर सकते हैं.



# राजगढ़ में लगा अत्याधुनिक ऑक्सीजन बूस्टर प्लांट

## एक साथ भरेंगे 8 सिलेंडर, अस्पतालों को भी मिलेगी सप्लाई

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 27 जुलाई, का.** जिला अस्पताल में ऑक्सीजन बूस्टर संयंत्र शुरू हो गया है. इससे अस्पताल अपनी जरूरत की ऑक्सीजन पूरी कर सकेगा. जरूरत पड़ने पर जिले के सरकारी और निजी अस्पतालों को भी सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जाएगी. मध्य प्रदेश में धार के बाद राजगढ़ ऐसा दूसरा जिला है, जहां यह अत्याधुनिक संयंत्र लगाया गया है. जिला अस्पताल में पहले से मेडिकल ऑक्सीजन बनाने के लिए दो ऑक्सीजन प्लांट संचालित हैं. इन प्लांटों से ऑक्सीजन तैयार होती थी, लेकिन कम प्रेशर के कारण सिलेंडर भरने में परेशानी आती थी. अब नए ऑक्सीजन बूस्टर संयंत्र से यह समस्या दूर हो जाएगी.

### एक साथ 8 सिलेंडर भर सकेंगे

सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि प्लांट से बनने वाली ऑक्सीजन करीब 5 बार प्रेशर पर निकलती है. नया बूस्टर संयंत्र इसका प्रेशर बढ़ाकर करीब 150 बार तक कर देता है. इससे एक साथ आठ ऑक्सीजन सिलेंडर भरे जा सकेंगे. पहले की तुलना में अब सिलेंडर तेजी से भरेंगे और जरूरत पड़ने पर तुरंत उपलब्ध कराए जा सकेंगे.

### प्राइवेट और अन्य सरकारी अस्पतालों में हो सकेगी सप्लाई

डॉ. शर्मा ने बताया कि यह संयंत्र कलेक्टर के सहयोग और भारत सरकार की सहायता से स्थापित किया गया है. इसके शुरू होने से जिला अस्पताल ऑक्सीजन के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा. साथ ही जरूरत पड़ने पर जिले के अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकेंगे. उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है.


**In The court Of II Civil Judge, Junior Division, Biaora, District Rajgarh MP**
**Presiding Officer श्री युवराज दीक्षित**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000065/2023)
धर्मेन्दसिंह ...... वादी Vs
रहमान हुसैन ...... प्रतिवादी
Process Id- 2026
पेशी दिनांक 27.08.2026
**प्रेषिती –**
(1) रहमान हुसैन पिता हमीर शाह, (2) पीरसा पिता हमीर शाह, (3) अन्तीमा बाइ पुत्री हमीर शाह, (4) जुम्मी बाद हमीर शाह, (5) सकीना पुत्री हमीर शाह पता सर्व निवासी संजय ग्राम दूधी तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़

यह कि प्रार्थी धर्मेन्द्रसिंह ने आपके विरुद्ध बाद स्वत्व घोषणा व स्थाइ निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वय या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.यह आज तारीख 25 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश**
**युवराज दीक्षित**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड ब्यावरा जिला राजगढ़**
**(ब्यावरा) म.प्र.**


**प्रतिभा** वेस्ट से बने खिलौने सिखाएंगे बच्चों को, मऊ आंगनवाड़ी में लगी डीआईवाय कार्यशाला

# पेड़ों की सूखी टहनियों से चिड़िया, खरगोश, तोता बनाए



नवभारत न्यूज

**पडाना 27 जुलाई, सं. आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए सोमवार को मऊ आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में डीआईवाय कार्यशाला आयोजित की गई. सेक्टर के अंतर्गत आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लेकर कचरे और प्रकृति की सामग्री से आकर्षक शिक्षण सामग्री तैयार की.**

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कम लागत में सुरक्षित और रचनात्मक खिलौने उपलब्ध कराना था. इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना और कार्यकर्ताओं को केंद्र में नवाचार युक्त गतिविधियां कराने के लिए प्रेरित करना भी शामिल था.

कार्यकर्ताओं ने पेड़ों की सूखी टहनियों, पत्तों से चिड़िया, खरगोश, तोता जैसे खिलौने बनाए. पुराने डिब्बे, बोतल, कागज और अन्य वेस्ट मटेरियल से भी बच्चों के लिए टीएलएम तैयार किए गए.

सेक्टर सुपरवाइजर निर्मला गोयल ने कहा, महंगे खिलौनों की जगह अगर हम आसपास की चीजों से बच्चों के लिए सामग्री बनाएंगे तो उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी और पर्यावरण की भी रक्षा होगी. इस अवसर पर श्यामा सक्सेना, सरोज विश्वकर्मा, शबनम अंसारी, मनीष सक्सेना, पूजा जाटव, संगीता कुंभकार, रेशम दुगरिया, रेखा वर्मा, अयोध्या वर्मा, दीपिका शर्मा, चंपा वर्मा, कलाबाई सेन, संगीता जायसवाल, नजमा मंसूरी, संगीता शर्मा, सीमा मीणा, सौरभ भीलाला, पार्वती मालवीय, रेशम जाटव, मथुरा मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं.